पूर्वाह्न 11.10 बजे

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय को बधाई

प्रधानमंत्री (डा. मनमोहन सिंह) : लोक सभा के उपाध्यक्ष के गरिमामय पद पर श्री चरणजीत सिंह अटवाल के सर्वसम्मति से चुने जाने पर मुझे उनका अभिनन्दन करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

महोदय, आपको सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा श्री अटवाल को उपाध्यक्ष चुने जाने पर अत्यधिक संतोष की अनुभूति के अलावा हम सभी को इस बात पर और भी प्रसन्नता हो रही है कि इस सभा के विचार-विमर्श में सक्षम और उत्कृष्ट सांसदों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। श्री अटवाल ने केवल पांच वर्षों तक पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष ही रहे अपितु, वह विधान सभा और हमारी संसद के भी सक्रिय सदस्य रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, श्री अटवाल लम्बे समय तक राष्ट्रकुल संसदीय संघ से जुड़े रहे तथा सांसदों और विधानमंडलों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी से उन्हें वस्तुत: एक वैश्विक दृष्टि प्राप्त हुई। संसदीय पद्धति और प्रक्रिया के उनके गहन ज्ञान और समझ से इस सदन के सदस्यों को बहुत अधिक लाभ होगा। इस सदन में अनेक सदस्य जो पहली बार चुन कर आए हैं, वे भी हमारे साथ इस सम्मानित सदन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के हमारे सामूहिक प्रयास में भी श्री अटवाल जैसे वरिष्ठ सदस्यों से मार्गदर्शन और परामर्श की अपेक्षा करेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक बार फिर श्री अटवाल को बधाई देता हूं। मैं अपनी पार्टी, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन और अपनी ओर से पूर्ण सहयोग के आश्वासन के साथ अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

रक्षा मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) : माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सभा के उपाध्यक्ष पद पर श्री चरणजीत सिंह अटवाल के चुने जाने पर माननीय प्रधानमंत्री के साथ-साथ मैं भी उन्हें बधाई देता हूं। माननीय अध्यक्ष और माननीय उपाध्यक्ष के सर्वसम्मत चुनाव से हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता का पता चलता है।

यह ठीक ही कहा गया है कि श्री अटवाल को पीठासीन अधिकारी के रूप में अत्यंत व्यापक अनुभव प्राप्त है क्योंकि उन्होंने अध्यक्ष के रूप में पंजाब विधान सभा का संचालन किया है। इस सभा के सदस्य के रूप में भी उन्होंने अपना योगदान दिया है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संसदीय मंचों पर उन्होंने अपनी उपस्थिति का आभास कराया है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह इस गरिमामय पद को धारण करने के पश्चात् सभा की कार्यवाही को उपयुक्त मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और वह मेरे सहित अनेक सदस्यों के लिए आवश्यक परामर्श और मार्ग दर्शन प्रदान करेंगे जो इस सभा में पहली बार चुन कर आए हैं। मैं एक बार फिर उन्हें बधाई देता हूं और अपनी ओर से उन्हें पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देता हूं।

[हिन्दी]

श्री लाल कृष्ण आडवाणी (गांधीनगर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, सम्माननीय प्रधान मंत्री जी और सदन के नेता ने जो अपने विचार प्रकट किये हैं, उनके विचारों के साथ मैं अपने को सम्बद्ध करते हुए सरदार चरणजीत सिंह अटवाल जी को उपाध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे लगता है कि अटवाल जी के चुनाव से पहले जिस परम्परा का आरम्भ सदन में आपके चुनाव से हमने किया, उसी को हमने आगे बढ़ाया है। आपके चुनाव से पहले जो अध्यक्ष बने, वे भी निर्विरोध बने थे लेकिन निर्विरोध बनने में और सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनने में थोड़ा अंतर है। आपको सर्वसम्मत से अध्यक्ष चुनकर और आज श्री चरणजीत सिंह अटवाल जी के केस में भी उनको सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुनकर हमने इस परम्परा का पालन किया है। बहुत बार इस उच्च पद पर बैठने वाले लोग पहली बार यह दायित्व संभालते है, लेकिन अटवाल जी उनमें से नहीं हैं। वे पंजाब विधान सभा में स्पीकर रह चुके हैं, अध्यक्ष रह चुके हैं। इस कारण इस स्थान पर बैठकर सदन का संचालन करने का उनको अभ्यास है। एक बार पहले भी आठवीं लोक सभा में वे रोपड़ से चुने गये थे और इस बार फिल्लौर से चुने गये हैं। तब भी उन्होंने शैडयूल्ड कास्ट, शैडयूल्ड ट्राइब्ज और बैकवार्ड क्लास की जो कमेटी थी उसमें उन्होंने बहुत योगदान दिया। समाज के पिछड़े हुए वर्गों के प्रति उनकी जो लगन रही है, उनकी जो उन्होंने सेवा की है, उसके कारण भी वे अपने दायित्व को प्रभावशाली ढंग से निभा पायेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से उनको बधाई देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हमारा पूरा सहयोग उन्हें मिलता रहेगा।

[अनुवाद]

श्रीमती सोनिया गांधी (रायबरेली) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सरदार चरणजीत सिंह अटवाल को नए उपाध्यक्ष चुने जाने के लिए बधाई देती हूं। उपाध्यक्ष महोदय एक वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्ति हैं और उनका पंजाब विधानसभा तथा लोकसभा दोनों में ही उत्कृष्ठ राजनीतिक कार्यकाल रहा है। उन्होंने अनेक अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व भी किया। उनकी रूचि और लगाव का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। समाज सेवक के रूप में उनका प्रशंसनीय रिकार्ड सर्वविदित है। हमें, इस सभा में उनका मार्गदर्शन मिलेगा, और मुझे पक्का विश्वास है कि हमें उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी ओर से तथा पार्टी की ओर से उन्हें आश्वासन देना चाहती हूं कि हम उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे तथा हम उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।